**मुख्य अभियंता का कार्यालय,**
बाढ नियंत्रण एवं जल निस्सरण,
जल संसाधन विभाग, गोपालगंज।
**ce.gopalganj@gmail .com**

का0आ0सं0 2/कार्य–बाढ(निबंधन)–15–101/2018(अंश–iii)............../गोपालगंज, दिनांक................./2025

## बाढ़ संघर्षात्मक कार्य (वर्ष–2025) हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना।

मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, गोपालगंज परिक्षेत्राधीन बाढ नियंत्रण प्रमंडल–1/2, पडरौना/गोपालगंज/सिवान/जल निस्सरण प्रमंडल, सिवान/बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण प्रमंडल, छपरा के क्षेत्राधीन नामांकन के आधार पर वर्ष 2025 बाढ़ अवधि (01 जून 2025 से 31 अक्टुबर 2025 तक) के दौरान बाढ़ संघर्षात्मक कार्य कराने हेतु जल संसाधन विभाग के निबंधित संवेदको से आवेदन आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक संवेदक जल संसाधन विभाग में वैध निबंधन पत्र के साथ प्रमंडलों का नाम उल्लेखित करते हुए आवेदन (मोबाईल संख्या/दूरभाष संख्या सहित) समर्पित कर सकते है। श्रेणी–चार में जिला विशेष के पथ प्रमंडल द्वारा निबंधित संवेदक भी संबंधित जिला में कार्य करने के लिए आवेदन दे सकते है।

परिक्षेत्राधीन नामांकन के आधार पर बाढ़ संघर्षात्मक कार्य कराने के लिये सूचीबद्ध करने हेतु निम्नलिखित अभिलेख/कागजात दिनांक 02.05.2025 से दिनांक 17.05.2025 के 5.00 बजे अपराहन तक मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, गोपालगंज के कार्यालय में जमा करना अनिवार्य है :–

(1) मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, गोपालगंज को संबोधित आवेदन पत्र जिसमें मोबाईल न0 एवं ई–मेल का उल्लेख हो।

(2) वैध निबंधन प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रति।

(3) नॉटरी द्वारा निर्गत शपथ–पत्र जिसमें इस आशय का स्पष्ट उल्लेख हो कि *"कार्य मिलने पर वे स्वयं स्थल पर अपने संसाधनों (मजदूर आदि) के साथ चौबिसों घंटे मुस्तैद रहेंगे एवं ऐसा नहीं करने पर विभाग उनके विरूद्ध आपदा/अन्य सुसंगत नियमों के तहत् कार्रवाई कर सकती है।"* उक्त घोषणा का उल्लेख शपथ पत्र में नही रहने पर उनके आवेदन को मान्यता नही दी जायेगी।

(4) चरित्र प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रति।

इच्छुक संवेदक द्वारा निर्धारित तिथि/समय के बाद एवं अन्य कार्यालयों में समर्पित आवेदन स्वीकार नही किये जायेगें तथा उनका कोई दावा मान्य नही होगा।

नोटः– (1) सूचीबद्धता के क्रमांक से कार्य में प्राथमिकता देने को कोई संबंध नही होगा।
(2) सूचीबद्ध होने मात्र से कार्य कराने हेतु किसी प्रकार का दावा मान्य नही होगा।

ह0/–
**(प्रमोद कुमार)**
मुख्य अभियंता
बाढ नियंत्रण एवं जल निस्सरण
जल संसाधन विभाग, गोपालगंज।

ज्ञापांक :–......................../ गोपालगंज, दिनांक :–............................../2025.

प्रतिलिपि– सूचना एवं जन सम्पर्क पदाधिकारी, जल संसाधन विभाग, सिंचाई भवन, पटना को सात अतिरिक्त प्रतियों एवं सी0 डी0 के साथ सूचनार्थ एवं समाचार पत्र आदि में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

**अनु0:–** 1. सी0 डी0 एक अदद्।
2. सूचना की सात प्रति।

ह0/–
**(प्रमोद कुमार)**
मुख्य अभियंता
बाढ नियंत्रण एवं जल निस्सरण
जल संसाधन विभाग, गोपालगंज।

ज्ञापांक :–1173 / गोपालगंज, दिनांक :–19/04/2025.

प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, आई0टी0, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेब–साईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

(प्रमोद कुमार)
मुख्य अभियंता
बाढ नियंत्रण एवं जल निस्सरण
जल संसाधन विभाग, गोपालगंज।